# C. S. (MAIN) EXAM, 2009

№ 000694

C-DTN-J-QTA

# PSYCHOLOGY

## Paper I

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 300

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions No.* ***1*** *and* ***5*** *which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* **one** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION A

1. Answer any ***three*** of the following in not more than 200 words each : *20×3=60*

   (a) Perception of size is explained from visual angle perspective. Evaluate its adequacy.

   (b) The history of psychology shows 'mind-body' approach as one of the popular ways of explaining behaviour. Discuss how this is being revisited in modern psychology.

   (c) With suitable examples distinguish between exploratory type and confirmatory type of factor analysis. How do you examine the significance level of factor loadings ?

   (d) Discuss the application of signal detection theory in the selection process of defence personnel. How do you get and interpret ROC curve ?

2. (a) Distinguish between 'intelligence' and 'aptitude' tests. List commonly measured aptitudes and their tests. *30*

   (b) Prepare an experimental design following Sperling's 'sampling technique' to study iconic memory. What does the experiment prove ? *30*

3. What is psychological well-being ? Discuss various methods in promoting psychological well-being across major stages of the life span. *60*

## खण्ड क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 200 शब्दों से ज्यादा में न हों : *20×3=60*

   (क) आकार का प्रत्यक्षण चाक्षुष कोण परिप्रेक्ष्य के द्वारा स्पष्ट होता है । इसकी पर्याप्तता का मूल्यांकन कीजिए ।

   (ख) मनोविज्ञान का इतिहास, 'मन-शरीर' उपागम को, व्यवहार को समझाने के लोकप्रिय तरीकों में से एक के रूप में दर्शाता है । चर्चा कीजिए कि आधुनिक मनोविज्ञान में इस बात पर किस प्रकार पुनरावलोकन किया जा रहा है ।

   (ग) उपयुक्त उदाहरण पेश करते हुए, समन्वेषी प्रकार के और पुष्टि प्रकार के कारक विश्लेषण के बीच विभेदन कीजिए । कारक भारों के महत्त्व स्तर का आप किस प्रकार परीक्षण करते हैं ?

   (घ) रक्षा कार्मिकों के चयन प्रक्रम में संकेत उपलंभन थियोरी के अनुप्रयोग पर चर्चा कीजिए । आर.ओ.सी. वक्र को आप किस प्रकार प्राप्त करते हैं और निर्वचन करते हैं ?

2. (क) 'बुद्धि' और 'अभिक्षमता' परीक्षणों के बीच विभेदन कीजिए । आमतौर पर मापे जाने वाली अभिक्षमताओं और उनके परीक्षणों की सूची बनाइए । *30*

   (ख) प्रतिमापरक स्मृति का अध्ययन करने के लिए, स्पर्लिंग के 'प्रतिचयन तकनीक' का अनुसरण करने वाले एक प्रायोगिक डिज़ाइन को तैयार कीजिए । प्रयोग क्या सिद्ध करता है ? *30*

3. मनोवैज्ञानिक भलाचंगापन किसको कहते हैं ? जीवन विस्तृति की प्रमुख अवस्थाओं के आर-पार मनोवैज्ञानिक भलाचंगापन की प्रोन्नति करने की विभिन्न विधियों पर चर्चा कीजिए । *60*

4. Discuss various characteristics of probability learning. Prepare an experimental design of probability learning following 'Bernoulli Sequence'. When is the behaviour of the subject labelled as 'gambler's fallacy' ? *60*

4. प्रायिकता अधिगम के विभिन्न अभिलक्षणों पर चर्चा कीजिए । 'बर्नूली अनुक्रम' का अनुसरण करते हुए प्रायिकता अधिगम का एक प्रायोगिक डिज़ाइन तैयार कीजिए । व्यक्ति के व्यवहार को कब 'जुआरी का तर्क-दोष' की संज्ञा दी जाती है ? *60*

## SECTION B

5. Answer any ***three*** of the following in not more than 200 words each : *20×3=60*

   (a) Comment on Chomsky's theory of transformational generative grammar and discuss its later modifications.

   (b) Discuss the use(s) of SPSS programme in psychological testing.

   (c) What is non-directive thinking ? Discuss different dimensions of thought processes in relation to concept and creativity.

   (d) How is emotional competence assessed ? Discuss the effects of emotion on behaviour. Cite experimental evidence.

6. What are the different stages of sleep ? How are these stages assessed experimentally ? Citing relevant research studies discuss the effects of sleep deprivation on cognitive, affective and behavioural dimensions. *60*

7. Critically evaluate the relative merits and demerits of psychometric measures of personality and intelligence. *60*

8. Discuss nature, formation and measurement of attitude. Can attitude be changed ? Substantiate your answer citing research findings. *60*

## खण्ड ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 200 शब्दों से ज्यादा में न हों : *20×3=60*

   (क) चोम्स्की की रचनांतरणपरक प्रजनक व्याकरण की थियोरी पर टिप्पणी कीजिए और कालांतर में उसके आशोधनों पर चर्चा कीजिए ।

   (ख) मनोवैज्ञानिक परीक्षण करने में एस.पी.एस.एस. कार्यक्रम के उपयोग (उपयोगों) पर चर्चा कीजिए ।

   (ग) अ-निदेशात्मक विचारण क्या होता है ? संकल्पना एवं सर्जकता के संबंध में विचारण प्रक्रमों के विभिन्न आयामों पर चर्चा कीजिए ।

   (घ) संवेगात्मक सक्षमता का किस प्रकार आकलन किया जाता है ? व्यवहार पर संवेग के प्रभावों पर चर्चा कीजिए । प्रायोगिक साक्ष्य का उद्धरण दीजिए ।

6. निद्रा की क्या-क्या विभिन्न अवस्थाएँ होती हैं ? इन अवस्थाओं का प्रायोगिक तौर पर किस प्रकार आकलन किया जाता है ? प्रासंगिक अनुसंधान अध्ययनों के उद्धरणों के साथ, निद्रा वंचितता के संज्ञानात्मक, भावात्मक और व्यवहारात्मक आयामों पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा कीजिए । *60*

7. व्यक्तित्व और बुद्धि के मनोमितीय मापनों के आपेक्षिक गुण-दोषों का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए । *60*

8. अभिवृत्ति की प्रकृति, विरचन एवं मापन पर चर्चा कीजिए । क्या अभिवृत्ति में परिवर्तन लाया जा सकता है ? अनुसंधान निष्कर्षों का हवाला देते हुए अपने उत्तर को पुष्ट कीजिए । *60*

**C-DTN-J-QTA**

# मनोविज्ञान

## प्रश्न-पत्र I

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

### अनुदेश

प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*